प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक : 10.11.2024 समय : 02.10pm

मुख्य समाचार :–

- झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर, प्रदेश की दो सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार का कल अंतिम दिन।
- सात दिसम्बर को नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी संभाग स्तरीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव।
- उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 12 नवंबर को करेंगे अखिल भारतीय कालीदास समारोह का शुभारंभ।
- प्रदेश में आज आंवला नवमी का पर्व धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।

झारखंड प्रचार

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार कल समाप्त होने से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपनी–अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते जोर–शोर से प्रचार में लगे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुमला और बोकारो में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने दोहराया कि भाजपा– एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मार्ग पर चलने से झारखंड और देश, दोनों का विकास होगा। शाम में श्री मोदी ने रांची में रोड शो भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी आज झारखंड में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दुमका, देवघर जिले में तीन जनसभाओं को संबोधित किया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में चुनावी रैली की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह उनके विरूद्ध केन्द्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड के लोग यह सब देख रहे हैं और आगामी चुनाव में वे भाजपा को इसका करारा जवाब देंगे। भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि केन्द्रीय एजेंसियां केवल अपना काम कर रही है।

बुधवार को पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 20 तारीख को दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए मतदान होगा।

इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के संतुलित औद्योगिक विकास और रोजगार संवर्धन के लिए संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और प्रदेश के बाहर महानगरों में निवेश के लिये हुए रोड–शो से देशभर से सकारात्मक परिणाम मिले हैं। फरवरी 2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट तक यह क्रम जारी रहेगा। भोपाल में आज उन्होंने कहा कि आगामी 7 दिसम्बर को नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी, जिसमें निवेशकों को नर्मदापुरम क्षेत्र की संभावनाओं से जोड़ते हुए, प्रदेश की आर्थिक बेहतरी के लिए गतिविधियां प्रस्तावित हैं। कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर्स के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है, जिससे आईटी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, भारी उद्योग, एमएसएमई, लघु कुटीर उद्योग सहित सभी प्रकार के उद्योग धंधों के माध्यम से राज्य के लोगों के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमार प्रयास है कि युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त हों।

मुख्यमंत्री

प्लास्टिक मुक्त

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र पचमढ़ी को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए अभिनव प्रयास किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसके तहत 2 लीटर से कम की प्लास्टिक बोतल को पचमढ़ी में प्रतिबंधित किया गया है। केंट बोर्ड साडा क्षेत्र एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगलों में पर्यटक 2 लीटर से कम की प्लास्टिक बोतल इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। पचमढ़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का यह अभियान विगत एक माह से चल रहा है और इसमें अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। साडा सीईओ नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि पचमढ़ी साडा एवं एसटीआर का कचरा पृथक पृथक कर गीले एवं सूखे कचरे में विभाजित कर केंट बोर्ड के कचरा प्लांट में उसे वैज्ञानिक पद्धति से डिस्पोजल किया जा रहा है। यह कार्य 1 नवंबर से प्रारंभ है।

रेलवे– विशेष जागरूकता अभियान

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और गाड़ियों में चैन पुलिंग जैसी घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म और गाड़ियों पर फ्लैग मार्च किया। यात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान अपने सामान की निगरानी करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया।

उपचुनाव

सीहोर जिले के बुदनी उपचुनाव के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियां पूरी ताकत झोंके हुये हैं द्य समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन आर्य भी प्रचार में जुटे हुए हैं। इस बीच उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर लगातार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कई स्थानों पर घर–घर जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विधानसभा के उपचुनाव में कुल 363 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 2,76,397 मतदाता इनमें वोट डालेंगे। निर्वाचन के लिए 1597 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट पर भी प्रचार जोरो पर है आज देर शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां प्रचार करेंगे। दोनों सीटों पर कल प्रचार का अंतिम दिन है।

आंवला नवमी

प्रदेश में आज आंवला नवमी का पर्व मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। खंडवा में क्षेत्रवासियों द्वारा व्रत उपवास रख कर अक्षय नवमी मनाई गयी। गुना में आंवला नवमी का त्योहार जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा कर परिक्रमा की और पेड़ के नीचे बैठकर ही भोजन किया।

मानवाधिकार–विदेश मंत्रालय

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग कल से नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के सहयोग से छह दिन का भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यकारी क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करेगा। यह आयोजन सोलह नवम्बर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड समेत आठ देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य व्यक्ति भाग लेंगे।

कालिदास समारोह

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 12 नवम्बर को उज्जैन में आयोजित हो रहे 66 वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शमिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री धनखड़ मंगलवार दोपहर इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेगे, वे यहां से उज्जैन के लिए रवाना होंगे। 18 नवंबर तक चलने वाले 66वें कालीदास समारोह के शुभारंभ के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा घोषित दो वर्षों के चार विद्याओं में आठ

कलाकारों को अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। उपराष्ट्रपति द्वारा कलाकारों को अलंकरण के साथ 5 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र, शाल, और श्रीफल देकर सम्मानित किया जाएगा।

क्रिकेट–भारत–दक्षिण अफ्रीका

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच अब से कुछ देर बाद गकेबरहा में खेला जाएगा। चार मैचों की श्रृंखला में भारत ने एक–शून्य की बढत बनाई हुई है। शुक्रवार को पहले मैच में भारत ने मेजबान टीम को 61 रन से हराया था। श्रृंखला का तीसरा मैच बुधवार को सैंचुरियन तथा चौथा और अंतिम मैच शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- कटनी में जिला शतरंज संघ कटनी द्वारा 13 वर्ष तक की आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं की राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में प्रत्येक जिले के चार–चार अग्रणी खिलाड़ी शामिल होंगे।
- खण्डवा में अटूटखास के ग्राम केलवा में माता चौक मंदिर पर आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा।
- अनूपपुर में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी से भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु 10 सदस्यीय अधिकारियों का समूह जिले के प्रवास पर है।
- शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी की जा रही है। जिले के 622 किसानों ने सोयाबीन बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया था।

————————